अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में किसानों को रबी बीज का वितरण

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत दिनांक 04.11.2024 से 11.11.2024 के दौरान रबी ऋतु में अनुसूचित जाति के किसानों को निःशुल्क उन्नत बीज का वितरण किया गया। किसानों को सरसों, मैथी एवं जीरा के उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण किया गया। यह वितरण किसानों के खेत में दो बीघा जमीन में प्रदर्शन करने के लिए निःशुल्क किया गया। इसके द्वारा उन्नत किस्मों को वर्तमान समय में किसानों द्वारा उपयोग किया जा रहें देशी बीजों से तुलनात्मक प्रर्दशन के द्वारा उत्पादकता के प्रति आश्वस्त किया जा सके। इस योजना में 12 गावों (फूलदेसर, मल्कीसर, चानी, गोलरी, पेमासर, बासी, चिताणा, सालासर, नाईयों की बस्ती, जैतासर, ठुकरियासर एवं आडसर) में 403 किसानों को 20.5 क्विंटल सरसों, मैथी एवं जीरे के बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण के इस कार्यक्रम में प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर के अध्यक्ष डॉ. नवरतन पंवार ने सिंचित खेती में उन्नत वैज्ञानिक तकनीकी खेती करने के बारे में किसानों को अवगत कराया। अनुसूचित जाति उप योजना के समन्वयक डॉ. गोपाल लाल बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक ने अनुसूचित जाति उप योजना के बारे में किसानों को अवगत कराया कि यह योजना अनुसूचित जाति के किसानों के हित के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है जो अनुसूचित जाति के किसानों के लिए फसल उत्पादन बढ़ाने में वरदान साबित होगी और इस योजना में किसानों को अधिक से अधिक लाभ देने की कोशिश की जायेगी।